हिन्दुस्तान

साइबर सिटी में मंगलवार को अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए, इस मौके पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई

'ज्ञान के साथ छात्र नैतिक शिक्षा पर भी दें ध्यान'

गुरुग्राम | हिटी

साइबर सिटी में मंगलवार को बाल दिवस के मौके पर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कादीपुर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इस मौके गुरुग्राम के उपायुक्त विनय प्रताप सिंह ने कहा कि छात्रों को ज्ञान के साथ नैतिक शिक्षा भी सीखनी चाहिए।

इस मौके पर जगह-जगह कार्यक्रम हुए। सोहना के दमदमा स्थित राजकीय मिडल स्कूल में बाल दिवस के असवर पर खंड स्तरीय प्रतियोगिता कराई गई। केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल में बच्चों ने पर्यावरण की शुद्धि के हवन किया। शहर के वाटिका बिजनेस सेंटर ने स्माइल फाउंडेशन ने बच्चों के लिए मजेदार खेल और केक कटिंग समारोह का कार्यक्रम रखा।

कादीपुर के सरकारी स्कूल इस्कॉन फूड रिलीफ फॉउंडेशन ने चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें सरकारी स्कूल के बच्चों ने रंगों के जरिए अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता छह सरकारी स्कूलों के 4000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने प्रदूषण, मिड-डे मील, जीरो हंगर विषय पर चित्र बनाए।

गुरुग्राम उपायुक्त विनय प्रताप सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उपायुक्त विनय प्रताप सिंह ने कहा कि हमें अपनी सभ्यता पर गर्व होना चाहिए। इसलिए ज्ञान के साथ ही नैतिक मूल्यों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। कड़ी मेहनत और शिक्षा के द्वारा हमें एक बेहतर और सशक्त समाज का निर्माण करना है।

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमन मलिक कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि आप देश का ही नहीं लेकिन विश्व का भविष्य हैं। आज आप का दिन है, इसका आनंद लें। रंगों के जरिए अपनी अभिव्यक्ति को जाहिर करें। जो इच्छा हो और जैसे चाहें चित्र बनाएं। जीतने की चिंता न करें। आप बस बेहतर करने की कोशिश करें। फल अपने आप मिल जायेगा। नगारो कंपनी के वाइस प्रेजिडेंट नीरज छिब्बा ह्रस्वच्छ हवाह्र एम्बेसेडर के रूप में छात्रों से मिले। उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस्कॉन फूड रिलीफ फॉउंडेशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन धनंजय कृष्ण दास ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। उक्त अवसर पर बात करते हुए धनंजय ने कहा कि यह प्रतियोगिता हमारी संस्था द्वारा शुरू होने वाली मुहिम जीरो हंगर हरियाणा का एक हिस्सा है।

फूड फॉर लाइफ कार्यक्रम के तहत हम चाहते हैं की हरियाणा देश का पहला भूख-मुक्त प्रदेश बने और इस दिशा में हम प्रयासरत हैं। बाल दिवस से बेहतर अवसर और क्या हो सकता है। जब हम बच्चों के साथ मिलकर इस मुहिम को आगे बढ़ाएं और भूख और कुपोषण से मुक्ति पाएं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी और कादीपुर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य भी मौजूद थे।

दमदमा के स्कूलों ने मारी बाजीः सोहना में बाल दिवस के मौके पर खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। दमदमा के राजकीय मिडल में बाल दिवस के असवर पर खंड स्तरीय प्रतियोगिता कराई गई। इस प्रतियोगिता में करीब 20 स्कूलों से आए 164 छात्रों ने भाग लिया।

गुरुग्राम के केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल जूनियर के दोनों कैंपस में देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। मंगलवार को बाल दिवस पर प्री प्राइमरी छात्रों के लिए फैंसी प्रतियोगता का आयोजन किया गया। • हिन्दुस्तान

बेटियों को स्वेटर बांटे

लौटा बचपन एनजीओ के संकल्प 501 बेटियों को स्वेटर बांटे। एनजीओ ने प्रथम चरण में आर्य विद्या मंदिर विद्यालय में सर्व सेवा कार्य समिति के सहयोग से जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। लौटा बचपन एनजीओ के अध्यक्ष विपिन शुक्ला ने इस अवसर पर स्वयं अपने सहयोगियों के साथ बच्चों को स्वेटर वितरित किए। वाटिका बिजनेस सेंटर ने स्माइल फाउंडेशन के साथ बच्चों के लिए कुछ मजेदार खेल और केक कटिंग समारोह का आयोजन किया गया। जरूरतमंत बच्चों के लिए फंड रेजिंग ड्राइव की पहल पर बच्चों को अच्छी शिक्षा पाने में मदद मिल सकेगी।

Corporate Office: 212, 2nd Floor, JMD Regent Plaza, DLF Phase-1, Gurugram, Haryana-122001
• Mumbai • Banglore • Hyderabad • Lucknow • Chandigarh • Noida • Kolkata • Jaipur • Patna